# 6 मई को मेरठ पहुंचेगी कांग्रेस की किसान-नौजवान बचाओ यात्रा

## पदाधिकारियों ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर किसान-नौजवान बचाओ यात्रा के संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। नेताओं ने बताया कि यह यात्रा 1 मई को सहारनपुर से शुरू होकर विभिन्न जनपदों से गुजरते हुए 6 मई को मेरठ पहुंचेगी।

प्रेस वार्ता में युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी, यात्रा संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। विशाल चौधरी ने कहा कि किसान और नौजवान सबसे ज्यादा परेशान हैं तथा अग्निवीर योजना युवाओं के साथ अन्याय है। रंजन शर्मा ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाना और बेरोजगारी व पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार को जगाना है। नेताओं ने कहा कि मेरठ में यात्रा का भव्य स्वागत होगा और जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। इस दौरान कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।




### अब बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से होगा फ्लिपकार्ट, एक्सिस बैंक और पेयू के कार्ड का पेमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक और डाईवर्सिफाईड फिनटेक प्लेटफॉर्म, पेयू के सहयोग से कार्ड पेमेंट के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन शुरू किया है। इस पहल के अंतर्गत यूजर्स एन्ड्रॉयड और आईओएस डिवाईस पर अपनी फिंगरप्रिंट या फेस आईडी की मदद से पेमेंट कर सकेंगे, जिसके लिए उन्हें वन-टाईम पासवर्ड डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फ्लिपकार्ट के वाईस प्रेसिडेंट, पेमेंट्स एंड सुपरकॉईस, गौरव अरोड़ा ने कहा फ्लिपकार्ट में हम मजबूत अनुपालन और ग्राहकों के विश्वास की बुनियाद पर इनोवेशन लाते हैं। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर की शुरुआत ग्राहकों के पेमेंट को ज्यादा सुरक्षित बनाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है क्योंकि इस समय डिजिटल फ्रॉड का खतरा बढ़ता जा रहा है इसलिए हमने बायोमेट्रिक क्रेडेंशियल्स की मदद से पेमेंट का एक ऐसा अनुभव पेश किया है, जो सरल और इन्ट्यूटिव है, साथ ही ग्राहक सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को पूरा भी करता है।

# पड़ोसी ने की थी गुलफशा की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खूंटी में शनिवार सुबह गुलशफा पत्नी मनवीर (35 वर्ष) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी थी जिसका शव खूंटी जिटौला संपर्क मार्ग पर एक खेत में पड़ा मिला था। सूचना पर एसपी देहात अभिजीत सिंह, सीओ सदर देहात सुधीर कुमार, नायब तहसीलदार अंकित तोमर तथा फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी तथा मृतका के परिजनों की तहरीर पर मोनू पुत्र महावीर निवासी ग्राम खूंटी थाना परीक्षितगढ़ मेरठ व अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए स्वाट टीम प्रभारी शैलेश तोमर, परीक्षितगढ़ थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही, सब इंस्पेक्टर कुलदीप यादव, प्रशांत रंजन, यशपाल सिंह पुलिस टीम गठित कर घटना के खुलासे के लिए लगा दिया था। पुलिस ने जांच के लिए मृतका के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकाली जिससे पुलिस को मृतका का पड़ोसी सोनू संदिग्ध नजर आया। पुलिस ने सोनू पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम खूंटी थाना परीक्षितगढ़ मेरठ को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ कि तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मोनू पुत्र महावीर निवासी ग्राम खूंटी थाना परीक्षितगढ़ के मेरी पत्नी मीनाक्षी को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके साथ अवैध संबंध बनाए थे जिसका वीडियो मोनू की पत्नी गुलफशा ने बना लिया था तथा उस वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रही थी तथा उसे बार-बार ब्लैकमेल कर रूपयों की मांग कर रही थी जिससे वह परेशान हो गया था। इसी से छुटकारा पाने के लिए उसने रुपए देने के बहाने गुलफशा को खेत पर बुलाकर दांव से उसके गले तथा सिर पर वार करके उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की



निशानदेही से आला कत्ल बरामद करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# नीट 2026: आसान पेपर से बढ़ सकता है कटऑफ, विशेषज्ञों का विश्लेषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अपेक्षाकृत आसान रही है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पेपर का संतुलित स्तर और छात्रों का बेहतर प्रदर्शन इस बार कटऑफ में बढ़ोत्तरी का संकेत दे रहा है। City Vocational Public School Integrated Star Course के सीईओ एवं संस्थापक डॉ. आर्यन अग्रवाल ने परीक्षा का विषयवार विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष प्रश्नपत्र का स्तर छात्रों के लिए अनुकूल रहा। भौतिक विज्ञान खंड आसान से मध्यम स्तर का रहा, जिसमें अधिकतर प्रश्न गणनात्मक और कॉन्सेप्ट आधारित थे। नियमित अभ्यास करने वाले छात्रों को इसमें स्पष्ट लाभ मिला। रसायन विज्ञान का स्तर मध्यम रहा, हालांकि 2-3 प्रश्न अपेक्षाकृत पेचीदा थे, जिनमें गहराई से समझ की आवश्यकता महसूस हुई। वहीं, जीव विज्ञान सेक्शन आसान से मध्यम स्तर का रहा और अधिकतर प्रश्न एनसीईआरटी



आधारित थे। अच्छी तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह सेक्शन स्कोरिंग साबित हुआ। डॉ. आर्यन अग्रवाल के अनुसार इस वर्ष का पेपर संतुलित और अपेक्षाकृत आसान रहा। जिन छात्रों ने सटीकता और समय प्रबंधन पर ध्यान दिया, उनके अच्छे अंक आने की पूरी संभावना है। इसी कारण इस बार कटऑफ पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहने के संकेत मिल रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार प्रतियोगिता कड़ी होने के साथ-साथ मेरिट सूची में स्थान बनाने के लिए छात्रों को अधिक अंक प्राप्त करने होंगे।

# जनपद का नाम रोशन करने वाली वंशिका व अदीबा को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

## यूपी बोर्ड में बेहतर अंक लाने पर छात्राओं को बांटे लैपटॉप, सरधना विधायक ने बढ़ाया बेटियों का हौसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में मेरठ जिले में टॉप करने वाली मेधावी छात्रा अदीबा व 12वी में नाम रोशन करने वाली छात्रा वंशिका को रविवार को लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वंशिका व अदीबा को लैपटॉप भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मेरठ जिले के अन्य टॉपर छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

सभी मेधावियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया तथा आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर सरधना विधानसभा सीट से विधायक अतुल प्रधान की अहम भूमिका रही। उन्होंने मेरठ के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अपने साथ लखनऊ लेकर पहुंचाया, जिससे उन्हें इस सम्मान समारोह में भाग लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मेधावी छात्रों का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक कदम



है। इससे अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। अदीबा की इस उपलब्धि से पूरे मेरठ जिले में खुशी का माहौल है। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने इस सफलता पर गर्व जताते हुए छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेरठ मार्ग पर एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से युवक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ग्राम सदरपुर थाना बहसूमा निवासी नीरज पुत्र किरण उम्र 35 वर्ष जो इंटीरियर डिजाइनर का काम करता था तथा पत्नी प्रीति के साथ गंगानगर मेरठ किराए पर मकान लेकर रह रहा था। रविवार सुबह किसी के फोन आने पर वह काम देखने के लिए पल्सर बाइक यूपी 14 एडब्लू 2306 द्वारा परीक्षितगढ़ आ रहा था जैसे ही वह मिशन कोठी पर पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर ने नीरज को मृत घोषित कर दिया गया उसके फोन द्वारा उसके ससुर नरेश व




परिवार को सूचना दी गई। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया तथा परिजन मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नीरज अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था तथा गंगानगर मेरठ रहकर इंटीरियर डिजाइनर का काम करता था जिससे छोटे भाइयों को अच्छे से पढ़ा लिखा सके। नीरज की शादी प्रीति ग्राम सिखेड़ा के साथ 2 वर्ष पूर्व हुई थी जिससे अभी कोई संतान नहीं थी। नीरज की मौत से पत्नी प्रीति, मां कृष्णा, भाई गौरव सोमेश का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने थाने में तहरीर नहीं दी है।

# शाहजहांपुर में 8 मई को शुरू होगा मैंगो ट्रेडिंग हब, व्यापार को मिलेगी नई रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर में आम व्यापार को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल के तहत 8 मई 2026 को मैंगो ट्रेडिंग हब का शुभारंभ किया जाएगा। मेरठ-गढ़ रोड स्थित शहनाई रिसॉर्ट के पास आयोजित यह कार्यक्रम शाम 5 बजे शुरू होगा।

उद्घाटन समारोह में किठौर विधायक एवं पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक और राजनेता योगेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। आयोजकों का कहना है कि यह ट्रेडिंग हब क्षेत्र में आम के कारोबार को एक नई दिशा देगा। इससे स्थानीय किसानों और व्यापारियों को बेहतर बाजार और सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। इस पहल को शाहजहांपुर की आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा



है। संस्थापक फहीम खान और अलीम खान के अनुसार, हब के शुरू होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या में भी कमी आएगी, क्योंकि आम के व्यापार के लिए एक सुव्यवस्थित और केंद्रीकृत स्थान उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारी, किसान और गणमान्य नागरिकों के साथ आम जनता की भागीदारी की उम्मीद जताई जा रही है। आयोजन समिति ने लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर इस नई शुरुआत का हिस्सा बनने का आह्वान किया है।

# सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में पूर्व छात्र मिलन सम्मेलन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'पूर्व छात्र मिलन-2026' ने विश्वविद्यालय परिसर को पुरानी स्मृतियों और भविष्य के संकल्पों से सराबोर कर दिया। विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम ने न केवल पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाया, बल्कि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक नया अध्याय भी लिखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। परंपरा और आधुनिकता के समन्वय को दर्शाते हुए, शिक्षा एवं ललित कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनोज राज ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने एलुमनाई सम्मेलन की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा यह मंच केवल एक मिलन समारोह नहीं है, बल्कि यह वर्तमान विद्यार्थियों और हमारे सफल पूर्व छात्रों के बीच संवाद व अनुभवों के आदान-प्रदान का एक सशक्त सेतु है। इस अवसर पर विभाग के सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का विशेष अभिनंदन किया गया। उपस्थित पूर्व छात्रों ने अपने करियर की सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के अनुशासन और व्यावहारिक ज्ञान को दिया। उन्होंने गर्व से साझा किया कि कार्यस्थलों पर नियोक्ताओं द्वारा सुभारती के छात्रों की कार्यकुशलता और समर्पण की विशेष सराहना की जाती है। शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व छात्रों का अनुभव वर्तमान पीढ़ी के लिए दिशा-




निर्देशक का कार्य करता है। इस गौरवशाली अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।

वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने इस सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पूर्व छात्र सुभारती विश्वविद्यालय के असली ब्रांड एंबेसडर हैं। आपकी सफलता और कार्यक्षेत्र में आपकी ईमानदारी ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह 'पूर्व छात्र मिलन' एक ऐसे नेटवर्क का निर्माण करेगा जो आने वाले वर्षों में हमारे वर्तमान विद्यार्थियों को वैश्विक पटल पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। सभी पूर्व छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए मेरी अनंत शुभकामनाएँ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका, एलुमनाई प्रभारी एवं एलुमनाई ट्रस्ट की उपाध्यक्ष डॉ. रूबी द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता का मुख्य श्रेय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज तथा एलुमनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. नूपुर कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस स्मरणीय और ऊर्जावान कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने विवि और उसके पूर्व छात्रों के संबंधों को एक नई मजबूती प्रदान की।

# टावर लगाने का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मौहल्ला राजा दरवाजा में एयरटेल का टावर लगाने का लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा किया। वहीं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिला मंत्री अंकुर त्यागी ने बताया कि आबादी के बीच में रामानंद सैनी के यहां एयरटेल का टावर लगाया जा रहा है जिसकी शिकायत 4 अप्रैल को तहसील समाधान दिवस में की गई थी वहीं कंपनी के अधिकारियों ने प्रदुषण, फायर ब्रिगेड व कंस्ट्रक्शन विभाग आदि से एन ओ सी भी नहीं ली है। मौहल्ले वासियों ने बताया कि यह टावर अवैध रूप से लगाया जा रहा है जबकि यही आसपास में पहले ही चार टावर लगे हुए हैं। वहीं आसपास के क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से अनेक मौत भी हो गई है। इस मौके पर कृष्ण कुमार त्यागी धर्मेंद्र त्यागी, इंद्रेश त्यागी ठेकेदार, प्रेम शर्मा, नकुल त्यागी, वीरेंद्र त्यागी पूर्व डायरेक्टर, विपिन त्यागी, दीपक, जितेंद्र त्यागी सहित अनेक लोगों ने टावर लगाने का विरोध करते हुए हंगामा किया।



### जेके मैक्स पेंट्स ने किया अपने नए कैंपेन 'मैक्स करो, रिलेक्स करो' का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेके मैक्स पेंट्स ने अपने नए ब्रांड कैंपेन 'मैक्स करो, रिलेक्स करो', का लॉन्च किया है। पहली बार विज्ञापन में ब्रांड अम्बेसडर अक्षय कुमार नजर आएंगे। यह ब्राण्ड के विकास का अगला चरण है, जो उनके मुख्य प्रोडक्ट जेके वॉलमैक्स पुटी द्वारा बनी मजबूत नींव पर रोशनी डालता है। कैंपेन पर बात करते हुए नीतिश चोपड़ा, बिजनेस हैड- व्हाईट सीमेंट एंड पेंट्स ने कहा कि 'मैक्स करो, रिलेक्स करो' कैंपेन के साथ हम उन्हें जेके वॉल मैक्स पुट्टी और जेके व्हाईट मैक्स सीमेंट के भरोसेमंद समाधाान उपलबधा कराकर उनके फैसले को आसान बनाना चाहते हैं। इस कैंपेन के साथ जेके मैक्स पेंट्स, पेंटिंग के हर चरण में भरोसे, निरंतरता और परफोर्मेन्स का वादा करता है, ताकि उपभोक्ताओं को अपने चुनाव के बारे में दोबारा न सोचना पड़े। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता और उनकी जबरदस्त लोकप्रियताए इन मूल्यों के साथ बखूबी मेल खाती है, जिससे हमें विश्वसनयीता भरोसे एवं सादगी के संदेश को पूरे देश तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

# सरधना में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 किलो 690 ग्राम गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ के कारोबार का भंडाफोड़ किया। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने छापेमारी कर करीब 2 किलो 690 ग्राम गांजा बरामद किया और मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू उर्फ रिंकू पुत्र रामपाल निवासी गांधीनगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में गांजे की अवैध बिक्री की सूचना मिलने पर टीम गठित कर दबिश दी गई, जहां से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। बरामद माल को सील कर कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। रविवार को आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और मामले में आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट

## आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी जिलों में विद्युत उपकेन्द्रों पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट, गलत बिलिंग, बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश के सभी जिलों में विद्युत उपकेन्द्रों पर विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर को डिजिटल लूट बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इस जनविरोधी व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 2 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से किल है, बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं। लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। कई मामलों में जहां पहले 1500 तक का बिजली बिल आता था, वह अब बढ़कर 6000-7000 तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह सीधा-सीधा जनता की जेब पर हमला है। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिह ने आरोप लगाया कि लगभग 3 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के इस प्रोजेक्ट में करीब 20,000 करोड़ का खर्च



दिखाया गया है, जिसमें बड़े स्तर पर घोटाले और कमीशनखोरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि पहले मीटरों की कीमत सिंगल फेज के लिए 6016 और थ्री फेज के लिए 12000 तक वसूली गई, जिसे विरोध के बाद घटाया गया। इससे साफ है कि इस पूरी योजना में पारदर्शिता नहीं है और जनता से मनमानी वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ इसे वैकल्पिक बताती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारियों द्वारा जबरन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और बाद में उन्हें प्रीपेड में बदल दिया जाता है। यह जनता के साथ सीधा धोखा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर की खामियों ने आम नागरिकों और किसानों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बदहाल है और कई जगह तारों की स्थिति भी खतरनाक बनी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में नलकूपों (टयूबवेल) पर भी सरकार द्वारा 4G सिम-आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरू की गई है, लेकिन इन मीटरों के कारण किसानों को अत्यधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्याओं के चलते मीटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह योजना किसानों के लिए राहत के बजाय अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गई है। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही इस लूट को तत्काल रोका जाए, पूरे प्रोजेक्ट की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और कंपनियों पर कार्रवाई की जाए तथा जिन उपभोक्ताओं को रिचार्ज के बाद भी समय से बिजली नहीं मिली, उन्हें मुआवजा दिया जाए। साथ ही 1912 हेल्पलाइन को दुरुस्त कर उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। आप पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में अपना आंदोलन और तेज करेगी और सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज मजबूती से उठाएगी। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष सचिन तोमर अजितसिंह अनुज तोमर राहुल बनटी भाई ब्रह्मसिंह जिला महासचिव नफीस अंसारी गौर असारीं हाजी फुरकान वकील अंसारी शाबिर अंसारी शकील अंसारी नफीस चौधरी साथी मौजूद रहै।

## तालाब के दलदल में फंसा सांड, घंटों बाद निकाला सुरक्षित बाहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** आदमपुर गांव में एक सांड तालाब के दलदल में फंस गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद गौ सेवकों की टीम ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

गांव के ग्राम प्रधान धीरसिंह ने बताया कि सांड तालाब के दलदल में फंसा हुआ था और उसने खुद बाहर निकलने का काफी प्रयास किया, लेकिन स्फल नहीं हो पाया। सांड कई घंटों तक दलदल में फंसा रहा। सूचना मिलने पर गौ सेवक वरुण शर्मा अपनी टीम के सदस्यों शुभम, बादल, काला और अभिषेक के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने रस्सियों की मदद से सांड को निकालने की कोशिश की, लेकिन तालाब में अत्यधिक दलदल होने के कारण यह प्रयास किल रहा। इसके बाद, टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग किया। रस्सियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली से बांधकर सांड को कड़ी मशक्कत के बाद दलदल से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने गौ सेवकों के इस कार्य की सराहना की और उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया।

## खेत पर सिचाई कर रहे किसान को गीदड़ नें किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** लहचौड़ा गांव में रात्रि खेत पर सिचाई कर रहे एक किसान पर गीदड़ नें हमला कर घायल कर दिया, जिससे उपचार के लिए चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

लहचौड़ा निवासी मांगे राम शर्मा पुत्र अभेराम शर्मा देर शाम अपने खेतो पर फसलो की सिचाई करने गया था। उसने बताया कि जब वह खेतो की सिचाई कर रहा था तभी एक गीदड़ वहा पहुंचा और उस पर हमला बोल घायल कर दिया। वह फावड़े के बचाव करते हुए किसी तरहा नलकूप तक पहुंचा और उसके बाद नलकूप बंद कर घर आ गया जहा परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। ग्रामीणों ने बताया कि खेतो में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। किसान राजेश नें बताया कि वेसे गीदड़ मनुष्य पर हमला नही करता है लेकिन अकेला देख कभी कभी हमला भी बोल देता है और ज्यादातर गीदड़ रात में ही खेतो से बाहर आता है। दिन के उजाले में यह फसलो का साहरा लेकर छुप जाते है। इसके अलावा मंसुरपुर में भी प्रवीन को गीदड़ ने हमला बोल



घायल कर दिया था।

## 14 सर्राफा व्यापारियों का ढाई करोड़ का सोना-चाँदी व नकदी लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर के सर्राफा बाजार में एक बड़ी आपराधिक घटना सामने आई है। दो बंगाली कारीगर मोहम्मद आयुष शेख और मोहम्मद मिनहाज शेख 14 सर्राफा व्यापारियों का लगभग ढाई करोड़ रुपये का सोना-चाँदी और नकदी लेकर फरार हो गए हैं।

पीड़ित व्यापारियों की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस को बताया कि यह घटना 28 अप्रैल को हुई। दोनों आरोपी अचानक अपने परिवार समेत अपने ठिकानों से गायब हो गए। उनके मोबाइल फोन बंद मिले और उनके किराए के मकानों पर भी कोई नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलते ही सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने आरोपियों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि सौरभ जैन, राजीव जैन, आर्जव जैन, सिद्धार्थ जैन, विकास जैन, रविन्द्र वर्मा, शेखर वर्मा, दीपक वर्मा, सतीश वर्मा, विभोर अग्रवाल, अंकुर जैन, आयुष जैन सहित कुल 14 व्यापारियों का सोना-चाँदी और नकदी आरोपी अपने साथ ले गए हैं। इस घटना के बाद सर्राफा बाजार में व्यापारियों में आक्रोश है। उन्होंने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुए माल की बरामदगी की मांग की है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सीओ अंशु जैन ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### दिल्ली के विवेक विहार में हुई अग्निकांड की घटना पर व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जताया दुःख

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिल्ली के विवेक विहार में हुई अग्निकांड की घटना पर अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। सभी पदाधिकारीयों ने दुःख जताया। जिलाध्यक्ष अरुण तोमर बॉबी के नेतृत्व मे हुई शोक सभा मे एक सभा शिव बजाज शोरूम बड़ौत मे हुई इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। गांधी नगर की पूर्व निगम पार्षदा श्रीमती दीपा जैन एवं स्वर्गीय विनोद जैन जनपद बागपत केअंछाड़ गांव के निवासी के बड़े सुपुत्र नितिन जैन के परिवार में नितिन जैन एवं धर्मपत्नी सहित, पुत्र, पुत्रवधू, एक पौत्र सभी की मृत्य का समाचार समाज को विचलित कर देने वाला है। मध्य रात्रि में AC ब्लास्ट के कारण दुखद हादसा परिवार की मृत्यु का कारण बना।सभी मृतकों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए मन बेहद दुखी है। प्रभु आदिनाथ से प्रार्थना है दिवंगत पुण्यात्माओ को श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को असीम दुख सहन करने की शद्रि प्रदान करें! शोक सभा मे अरुण तोमर बॉबी, मुदित जैन, हर्ष आर्य चीनू, हैप्पी चौधरी आदि व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया।

## मामूली कहासुनी के बाद महिला और उसके पति पर किया लाठी डंड़ो से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चांदीनगर।** थाना क्षेत्र के सिखेड़ा गांव में मामूली कहासुनी के बाद एक महिला और उसके पति पर हमला किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ चांदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़िता एकता, पत्नी विनोद, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार देर शाम वह गांव की दुकान पर सामान लेने गई थी। वहां गांव की रमा डागर ने गाली-गलौज शुरू कर दी और एकता के बेटे के साथ मारपीट की। जब एकता ने इसका विरोध किया, तो रमा डागर ने उसके साथ भी अभद्रता और मारपीट की। आरोप है कि जब एकता के पति विनोद को घटना की सूचना मिली और वह मौके पर पहुंचा, तो रमा डागर, नगेंद्रपाल पुत्र जगत सिंह और अन्य कई लोग लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार लेकर आ गए। इन लोगों ने विनोद पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद भी आरोपियों ने विनोद के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो गांव के कुछ लोगों ने बना लिया था। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने चांदीनगर थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में थानाध्यक्ष अतर सिंह का कहना है कि तहरीर मिल गई है। तहरीर के आधार पर आरोपियों के



खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 41वीं सारथी रसोई का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में 41वीं सारथी रसोई का आयोजन सेवा एवं समर्पण भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर राहगीरों, रेडी-पटरी व्यवसायियों, रिक्शा चालकों एवं श्रमिक वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भोजन ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 से 1200 लोगों को प्रसाद स्वरूप भोजन वितरित किया गया। रसोई का शुभारंभ डा.सुमेधा आर्य एवं दीपक चौधरी (उत्तम हॉस्पिटल) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डा. सुमेधा आर्य एवं दीपक चौधरी ने कहा कि सारथी रसोई में सेवा और अपनत्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यहां सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता है और भोजन की गुणवत्ता भी सराहनीय है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर जरूरतमंद एवं वंचित लोगों की सेवा करना है। सारथी रसोई इसी सेवा संकल्प का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो निरंतर आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष व समस्त सारथी परिवार ने सेवा की।

### बिनौली रोड़ पर अतिक्रमण की समस्या को लेकर बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर के बिनौली रोड पर अतिक्रमण की समस्या को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें माहौल गरमा गया। वर्षों से लंबित इस समस्या का समाधान न होने के कारण लोगों में गहरा रोष है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाया जाएगा और उनसे समाधान की मांग की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री का 11 मई को भगवानपुर नांगल क्षेत्र में संभावित आगमन है। इस अवसर पर वे उनसे मुलाकात कर बिनौली रोड पर फैले अतिक्रमण को हटवाने की गुहार लगाएंगे। इस बैठक में शिव विहार, बालमुकुंद पुरी, साकेत, आजाद नगर, सरस्वती विहार, मोहन नगर और सूर्यनगर के निवासियों ने भाग लिया। इस दौरान सभासद विक्रांत ने कहा कि बिनौली मार्ग की सर्विस रोड पर अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सभासद विक्रांत ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण करने वाले लोग अपने मकानों और दुकानों के बैनामे तक दिखाने को तैयार नहीं हैं। प्रशासन द्वारा निशानदेही कराए जाने के बावजूद भी अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग और तहसील प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पाया। लंबे समय से कार्रवाई न होने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में यह भी तय किया गया कि मुख्यमंत्री से मिलकर न केवल अतिक्रमण हटाने की मांग की जाएगी, बल्कि इस समस्या के स्थायी समाधान की भी अपील की जाएगी। इस मौके पर पिंकी, सरिता, मोनिका, राजेश, विजय, मनोज, सुमन सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू जेई की परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत/बड़ौत।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित अवर अभियंता (जेई) सिविल मुख्य परीक्षा रविवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। परीक्षा से पहले सभी केंद्रों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें अभ्यर्थियों की गहन तलाशी ली गई और प्रवेश पत्रों का सख्ती से सत्यापन किया गया।

जनपद में कुल नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 3547 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल तैनात किया गया है। डीआईओएस



राघवेंद्र सिंह के अनुसार, निर्धारित परीक्षा केंद्रों में डीएवी कॉलेज टटीरी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत, सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मीतली, एमएम डिग्री कॉलेज खेकड़ा, जैन इंटर कॉलेज खेकड़ा, इंटरमीडिएट कॉलेज सरूरपुर, जनता वैदिक इंटर कॉलेज बड़ौत, जनता वैदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत और वीर स्मारक इंटर कॉलेज बडौत शामिल हैं। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शहर के अंदर कारों और भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू की गई है। प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, ताकि जाम की स्थिति न बने और परीक्षार्थियों को समय से केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो।

## रटौल -ढिकोली मार्ग का विधायक नें किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** रटौल-लोनी मार्ग पर गांव घिटौरा मोड के पास विधायक योगेश धामा नें लोकार्पण किया यह मार्ग आठ करोड़ की लागत से बनाया गया है। विधायक योगेश धामा नें कहा कि बागपत का विकास कराना ही उनकी प्राथमिकता है।



लोनी ढिकोली मार्ग से जुड़ा रटौल घिटौरा मार्ग पिछले काफी वर्षो से जर्जर हालत में था। ग्रामीणों नें विधायक योगेश धामा से मार्ग बनवाने और चौड़ीकरण कराने की मांग 2025 मे की थी जिससे गम्भीरता से लेते हुए विधायक योगेश धामा नें रटौल घिटौरा मार्ग का प्रस्ताव शासन को भेजा और उसे पास कराते हुए आठ करोड़ का बजट से बनने वाले मार्ग को पास कराया जिसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और लोग लगातार रोड़ का आनन्द उठा रहे है। रविवार को घिटौरा मोड़ पर विधायक योगेश धामा नें रटौल घिटौरा मार्ग का लोकार्पण किया जहां उन्होंने कहा कि बागपत में आज कोई मार्ग जर्जर नही है। वह लगातार बागपत को सुन्दर बनानें मे लगे है युवाओं के रोजगार के लिए बागपत में औधोगिक क्षेंत्र बनने जा रहा है जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किये जा रहे है। आज बागपत एक सुन्दर शहर बन चुका है लोग दिल्ली गाजियाबाद आदि स्थान छोड़ बागपत में निवेश कर रहे है। इस मौकें पर प्रवीण प्रधान, प्रमिन्द्र प्रमुख, मनुपाल बंसल रटौल चेयरमैन हाजी मुंतजिर, सभासद हसमत चौधरी सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### राजकीय पुलिस सम्मान के साथ किया गया संजय यादव का अंतिम संस्का



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुलंदशहर में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के हेड कांस्टेबल संजय यादव का बीमारी के चलते निधन हो गया। 50 वर्षीय संजय यादव गौना गांव के निवासी थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। संजय यादव पुत्र जगदीश 1998 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह बुलंदशहर के अहमदगढ़ थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। वह पिछले चार माह से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज ऋषिकेश स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा था। उपचार के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। उनका परिवार गांव और मेरठ दोनों जगहों पर रहता है। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को गौना गांव लाया गया। यहां राजकीय पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र शाहरूख व उसकी पत्नि गुलफशा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। फरीदा पत्नि सलीम निवासी एकता कालोनी नई बस्ती मुगलपुरा बागपत थाना व जनपद बागपत।

## भगवान चंद्रप्रभु का मासिक महामस्तकाभिषेक श्रद्धापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** बरनावा स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को भगवान चंद्रप्रभु का मासिक महामस्तकाभिषेक श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान चंद्रप्रभु के विधान और मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की, जिसके बाद उनका महाभिषेक किया गया।

प्रात:काल पंडित प्रदीप पीयूष शास्त्री के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने कलश से भगवान चंद्रप्रभु का महाभिषेक संपन्न कराया। शांतिधारा अरविंद जैन, मीणा जैन, आलोक जैन, प्राची जैन, संजीव जैन, पारस जैन और सचिन जैन ने की। मार्जन आकाश जैन ने किया, जबकि प्रथम आरती राजीव जैन और वंशिका जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर पंडित प्रदीप पीयूष शास्त्री ने कहा कि भगवान के मस्तकाभिषेक को कर्मो की निर्जरा और आत्मा की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने बताया कि अभिषेक मन के विकारों को शांत करता है। पंडित शास्त्री ने आगे कहा कि भगवान चंद्रप्रभु का नाम ही शीतलता प्रदान करने वाला है। ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में उनका महामस्तकाभिषेक आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक शीतलता भी प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में पवन जैन, रजनीश जैन, नरेंद्र जैन, विनेश जैन, संदीप जैन, बॉबी जैन और आलोक जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया युवक का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**दोघट।** थाना क्षेत्र की भड़ल पुलिस चौकी पर चोरी के एक मामले में पूछताछ के लिए लाए गए एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक की दादी की तहरीर पर चौकी इंचार्ज और दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद युवक का अंतिम संस्कार गांव में पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया।

निरपुड़ा गांव निवासी रोहित राणा पुत्र स्व.योगेंद्र को शनिवार सुबह भड़ल चौकी प्रभारी सुरेश कुमार पुलिसकर्मियों के साथ पड़ोसी बिजेंद्र उर्फ बिल्लू के घर से पूछताछ के लिए उठा लाए थे। पुलिस ने बिजेंद्र के बेटों रोहित और सोहित, तथा संजीव के पुत्र अभिनय को भी उठाया था, जिन्हें बाद में पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने रोहित पुत्र स्व.योगेंद्र को चौकी पर ही एक कमरे में बंद कर दिया था, जहां पुलिसकर्मियों के बिस्तर पड़े थे। इसी कमरे में रोहित ने गमछे और गर्म पट्टी का फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगा ली थी। मृतक रोहित की दादी सुशीला पत्नी स्व.हरपाल की तहरीर पर पुलिस ने चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार और चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सुशीला ने आरोप लगाया कि पुलिस उनके पोते रोहित को उठा लाई थी, लेकिन जब वह अपने दूसरे पोते मोहित के साथ चौकी पहुंचीं, तो पुलिस ने उन्हें रोहित से मिलने नहीं दिया था। दादी के अनुसार, शाम करीब चार बजे जब उन्होंने पोते से मिलवाने की जिद की, तो चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर दरवाजा खोला। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे धक्का देकर खोला गया तो रोहित पंखे से लटका मिला था। पुलिस ने उनके सामने ही रोहित को पंखे से उतारकर बुढ़ाना अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बड़ौत और फिर हायर सेंटर रेफर किया गया था। हायर सेंटर में उसकी मौत हो गई थी। दादी ने पुलिस पर बड़ी लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया गया है कि रोहित की मां सुधा छह वर्ष पहले अपने बच्चों को छोड़कर चली गई थीं, जिसके बाद उसकी देखभाल दादी ही करती थीं।



# टावर उपकरण चोरी गिरोह का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** थाने की सेक्टर-113 पुलिस और क्राइम रिस्पांस टीम ने मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो आरआरयू मशीनें, दो चाकू और बाइक बरामद की। आरोपी दो वर्षों से चोरी कर रहे थे। पूछताछ में उन्होंने अपने दो और साथियों के नाम बताए। एसीपी राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाने की टीम शनिवार को सेक्टर-122 कट के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान संदिग्ध हालत में दो युवकों को रोका गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से मोबाइल टावरों से चोरी की गई आरआरयू मशीनें बरामद हुईं।



इसके साथ ही दोनों के पास चाकू भी मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि वे आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हथियार साथ रखते थे। बदमाशों की पहचान अमरोहा निवासी 24 वर्षीय इमरान और गाजियाबाद के निवाड़ी निवासी 21 वर्षीय दीपांशु के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी सुनसान स्थानों और ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों को निशाना बनाते थे। वे विशेष रूप से उन टावरों को चुनते, जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती या निगरानी कम रहती। दोनों रात के समय या कम आवाजाही वाले समय में टावरों पर लगे आरआरयू जैसे महंगे उपकरण चोरी कर लेते। इसके बाद चोरी किए गए सामान को दिल्ली के कबाड़ी बाजार में बेच देते। बरामद की गई दोनों आरआरयू मशीनें भी आरोपियों ने दो से तीन दिन पहले ही अलग-अलग स्थानों से चोरी की थीं। जब वे इसे बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

## कराटे खिलाड़ियों ने 31 स्वर्ण झटके

**नोएडा।** जिला ओलंपिक खेल में रविवार को खिलाड़ियों ने कराटे में 31 पदक अपने नाम किए। सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले गए। मंगलवार तक प्रतियोगिता खेली जाएगी।

प्रतियोगिता में प्रियांशु पांडेय, आरजू गुप्ता, प्रिया, सौम्या, समुरिता वाजपेयी, तेजस्वी राय, जतिन शुक्ला, जान्हवी शुक्ला, ख्याति, लावण्या, आरव मौर्य, दर्शिल अक्षत, सेजल शर्मा, उत्कर्ष, शिवोनी, ऐश्वर्या, चिराग, कार्तिक, वाणी, मनन, युवांश, कियांश, पार्थ, चित्रांशी, आरोही सोनी, आरोही चंदोला, श्रीहन, ईशित, देवाज्ञ और इरफान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। कराटे के अलावा, स्केटिंग और बॉक्सिंग की भी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# कान-नाक की बाली उतरवाई फिर मिला परीक्षा केंद्र में प्रवेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जनपद के 25 केंद्रों पर नीट यूजी की परीक्षा रविवार को हुई। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को सुरक्षा के तीन चरणों से होकर गुजरना पड़ा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से अभ्यर्थियों के गेट पर ही कलावा, झुमका, कंगन, चेन, अंगूठी जैसी चीजें उतरवा ली गईं। जिससे किसी भी प्रकार की नकल को रोका जा सके।

दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित परीक्षा में 11,260 में से 10,786 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 474 में परीक्षा छोड़ दी। दादरी के बादलपुर में स्थित कुमारी मायावती राजकीय इंटर कॉलेज में मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ा। प्रधानाचार्य डॉ. छवि सिंह ने बताया कि हर छात्र की गहनता से जांच की गई। परीक्षा में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई है।

परीक्षा देकर निकल रहे छात्र अभिषेक ने बताया कि उन्होंने दो साल तक कड़ी मेहनत की है लेकिन फिर भी थोड़ा नर्वस हूं। परीक्षा और अच्छी से हो सकती थी।

वहीं रानी ने बताया कि परीक्षा में कई सवालों के कैलकुलेशन ने थोड़ा परेशान कर दिया। उन्होंने बताया कि भौतिकी और केमिस्ट्री का सेक्शन कठिन रहा। प्रश्न पत्र में कुछ प्रश्न एनसीईआरटी से भी लिए गए हैं। अनुभाग ए और बी में कार्बनिक, अकार्बनिक और भौतिक रसायन विज्ञान से समान संख्या में प्रश्न थे।

जूलॉजी सेक्शन आसान से मध्यम था, लेकिन कुछ इसमें कुछ मुश्किल प्रश्न भी शामिल थे। प्रश्न पत्र में सवाल 11वीं एवं 12वीं का पाठ्यक्रम के आधार पर ही थे। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी केंद्र से कोई नकल की सूचना नहीं मिली है।

उन्होंने बताया कि हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। इसके साथ ही कुछ रिजर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी रखे गए थे।

## सेक्टर-73 में फिर धंसी सड़क और ढह गया नाला

**नोएडा।** सेक्टर-73 में वाणिज्यिक प्लॉट पर मॉल निर्माण के लिए डबल बेसमेंट की खोदाई और निर्माण में एक बार फिर रविवार को प्राधिकरण का नाला ढह गया। इसके साथ ही सड़क भी धंस गई। बड़े हिस्से की मिट्टी धंसने से ऐसा हुआ है। गनीमत रही कि इस दौरान कोई वाहन चालक सर्विस रोड से नहीं गुजर रहा था। इसके पहले 18 अप्रैल को भी ऐसा हुआ था। बड़े हिस्से का नाला ढहा था और सर्विस रोड धंस गई थी। तब प्राधिकरण के वर्क सर्कल-6 की टीम ने मौके पर पहुंच कर सुधार कराने का दावा किया था।

प्राधिकरण के जीएम एके अरोड़ा ने बताया कि सूचना पर मौके पर टीम भेजी गई।

# डिजिटल अरेस्ट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी साइबर ठगों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराकर अवैध राशि ट्रांसफर कराने में मदद करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबा. इल फोन भी बरामद किए।

डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पंजाब के लुधियाना जिले से भावेश गुप्ता और हर्षित कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों वहीं के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी 21-21 वर्ष के हैं। भावेश गुप्ता 12वीं पास है और एक कंपनी में रात की शिफ्ट में काम करता था। हर्षित कुमार बीए का छात्र है और डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। कम समय में अधिक रुपये कमाने के लालच में दोनों साइबर ठगों के नेटवर्क से जुड़ गए। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। वे खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को कॉल करते थे और उन्हें किसी आपराधिक मामले में फंसाने या गिरफ्तारी की धमकी देकर डराते थे।



इसके बाद पीड़ितों से जांच या क्लियरेंस के नाम पर रुपये ट्रांसफर कराए जाते थे। इसी तरह के एक मामले में आरोपियों ने ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराए, जिसमें एक पीड़ित से करीब सात लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित नोएडा का रहने वाला था और एफसीआई से रिटायर था। इस पूरी रकम का एक हिस्सा आरोपियों के खातों में आया, जिसमें से उन्होंने लगभग 4.5 लाख रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त किए। उन्हें कुल ट्रांजेक्शन पर छह से 10 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था।

**कई राज्यों में शिकायतें दर्ज:** पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के बैंक खातों के खिलाफ देश के अन्य राज्यों में भी शिकायतें दर्ज हैं। तेलंगाना में दो और आंध्र प्रदेश में एक शिकायत दर्ज हैं, जिनमें ठगी की रकम इन्हीं खातों में ट्रांसफर की गई थी। यह नेटवर्क कई राज्यों में सक्रिय था और सुनियोजित तरीके से लोगों को निशाना बना रहा था। सोशल मीडिया के जरिये दोनों युवक ठग गिरोह से जुड़े थे। पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं तथा इनके तार किन-किन बड़े साइबर नेटवर्क से जुड़े हैं।

## एक नजर

### बारिश व हवा से मौसम सुहाना, आज और कल तेज बारिश के आसार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बारिश और हवा में नमी के कारण मौसम सुहाना हो गया। अगले दो दिन तक बारिश का येलो अलर्ट है। ऐसे में तेज हवा और बारिश के बीच गर्मी से भी राहत मिलेगी। शनिवार की शुरुआत तेज धूप से हुई थी और दिनभर मौसम सामान्य रहा लेकिन रात होते ही मौसम बदलने से कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। इस वजह से रविवार को अधिक गर्मी नहीं रही। ऐसे में 24 घंटे का जिले का अधिकतम तापमान 33.8 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे में 1.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। पूर्वानुमान के मुताबिक, सोमवार और मंगलवार को तेज बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव जारी रहेगा।दूसरी तरफ मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के साथ ही प्रदूषण में भी राहत बनी हुई है। सीपीसीबी की रिपोर्ट में नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई येलो जोन में दर्ज किया गया। ऐसे में रविवार को ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 130 और नोएडा का 148 रहा।

### हेलमेट न पहनने पर सर्वाधिक चालान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने पर रविवार को 5903 वाहनों के चालान किए। इनमें हेलमेट न पहनने पर सर्वाधिक 2261 चालान किए गए। इसके अलावा नो पार्किंग का नियम तोड़ने पर 457, तेज गति से वाहन चलाने पर 323, विपरीत दिशा में चलने पर 281, मोडिफाई साइलेंसर लगे होने पर 53, प्रेशर हार्न पर 76, बिना फिटनेस के वाहन चलाने पर 28 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि कोई कागजात नहीं होने पर 13 वाहनों को जब्त किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित परिवार की तहरीर पर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। अलीगढ़ निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र ओम सिंह 26 अप्रैल की रात अपने बाइक से गाजियाबाद जा रहे थे। वह यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते सफर कर रहे थे। रात करीब 9 जीरो प्वाइंट से लगभग दो किलोमीटर पहले आगरा से आने वाली लेन में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ओम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। कैलाश अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मृत्यु हो गई। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बात की जांच की जा रही है कि बाइक सवार ने हेलमेट पहना था कि नहीं।

### प्रॉपर्टी डीलर ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-26 स्थित जयपुरिया प्लाजा के दफ्तर में प्रॉपर्टी डीलर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से मिले सुसाइड नोट में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। कुछ दिन पहले बेटे की बहू ने प्रॉपर्टी डीलर पर छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए थे और सेक्टर 39 थाना पुलिस से शिकायत की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि सोरखा गांव निवासी 52 वर्षीय फूल सिंह सेक्टर-37 की एक कॉलोनी में रहते थे। सेक्टर-26 में उनका दफ्तर था, जहां पर प्रॉपर्टी संबंधी काम होता है। प्रॉपर्टी डीलर शनिवार को रोजाना की तरह दफ्तर पहुंचे। जब अंदर कोई नहीं था, तभी उन्होंने दफ्तर में ही पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने प्रॉपर्टी डीलर का शव लटका देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। आनन-फानन में उन्हें नजदीक के अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया। हालांकि, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से मिले सुसाइड नोट में मृतक ने पारिवारिक विवाद में आत्महत्या करना बताया है। उन्होंने बहू के लगाए आरोपों को गलत और इससे आहत होना बताया। बहू ने कुछ दिन पूर्व उसके ऊपर अश्लील हरकत करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर पुलिस सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 197 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस की इस सख्ती से खुलेआम मदिरापान करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन एवं डीसीपी ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह के पर्यवेक्षण में ग्रेटर नोएडा जोन में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य अवैध शराब की तस्करी रोकना और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है। डीसीपी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 17 अभियोग दर्ज करते हुए अवैध शराब की तस्करी में शामिल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 2387 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले 180 लोगों के खिलाफ धारा 292 बीएनएस एवं 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## रेंज रोवर डिवाइडर से टकराने के बाद पलटी, तीन घायल

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-130 मीटर रोड ओमिक्रान-2 के समीप रविवार तड़के एक तेज रफ्तार रेंज रोवर डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन के मुताबिक घायलों की हालत स्थिर है। वहीं दादरी कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक कार सवार लोग ग्रेनो वेस्ट से सेक्टर-130 मीटर रोड होते हुए दादरी की ओर से जा रहे थे। ओमिक्रान के पास कार डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई।

# चोरी की बाइक संग बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रेकी कर दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद हुई।

आरोपी के पास से चाकू भी मिला। बदमाश की पहचान बदायूं के जरीफनगर निवासी प्रवीण के रूप में हुई। 20 वर्षीय प्रवीण वर्तमान में हाजीपुर गांव में किराये पर रहता। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद बाइक दिल्ली से चोरी की गई थी। इस संबंध में दिल्ली के स्थानीय थाने में केस भी दर्ज है। वारदात का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए आरोपी अपने पास चाकू भी रखता है।



बदमाश ने अपने दो अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। आरोपी के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में दो केस दर्ज हैं।

## भाकियू संगठन का हुआ विस्तार, ट्रैक्टर रैली निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** फेस-दो के इलाहाबास गांव के साम. ुदायिक केंद्र में भाकियू किसान संगोष्ठी और संगठन विस्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सलारपुर स्थित शिव मंदिर, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक सेक्टर-81 मेट्रो स्टेशन से जिलाध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में ट्रैक्टरों के काफिले के साथ हुई, जिससे क्षेत्र में हलचल मच गई और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने पुलिस प्रशासन से वार्ता कर स्पष्ट किया कि यह कोई आंदोलन नहीं, बल्कि किसानों की समस्याओं पर विचार-विमर्श हेतु संगोष्ठी है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पंचायत की जाएगी। किसानों को 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड, आबादी निस्तारण, युवाओं को रोजगार, विद्युत समस्याएं और मूलभूत सुविधाएं की मांग की गई।

इसके अलावा 100 से अधिक लोगों को संगठन में शामिल किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रधान ने की, जबकि संचालन महेश खटाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक भाटी, विकास गुर्जर, श्रीपाल कसाना, सुभाष भाटी और रविंद्र भगत जी उपस्थित रहे।

# पीजी में किशोर को गैस पाइप-डंडों से पीटा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** क्रूरता की सारी हदे पार कर तीन युवकों ने एक किशोर को पीजी में गैस के पाइप और डंडे से पीटा। किशोर दर्द से कराहता रहा, लेकिन दो युवक बेरहमी से पीटते रहे, जबकि तीसरा युवक वीडियो बनाता रहा।

लहूलुहान होने पर भी आरो. पितों का दिल नहीं पसीजा। आरो. पितों ने किशोर को मुर्गा बनाया और कपड़े भी उतरवाए। करीब 10 मिनट पीटने के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

पीड़ित के दोस्तों ने उपचार कराया। मामूरा चौकी और फेज तीन थाने में पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## युवक से लूटपाट और जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार, पांच अन्य फरार

शाह टाइम्स संवाददाता


**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में युवक से लूटपाट और जानलेवा हमले के मामले में दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। ऊंची दनकौर निवासी मनीष तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अप्रैल की रात वह किसी काम से कस्बे की ओर गए थे। आरोप है कि बाईपास रोड पर कस्बे के सरताज, कालू समेत करीब छह लोगों ने उन्हें जबरन रोक लिया। आरोपियों ने मनीष के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनकी जेब से 2500 रुपये, सोने की चेन और मोबाइल फोन लूट लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर बढ़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने इस दौरान दो आरोपियों को पहचान लिया। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल मनीष को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ लूट, मारपीट और जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी सरताज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में शामिल अन्य पांच आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# यमुना सिटी के सेक्टरों में चार बिजली उपकेंद्र बनेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-18, 20 और 24ए में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 33/11 और 11/0.415 केवी के चार उपकेंद्र बनेंगे। इससे घरों में बिजली की समस्या कम होगी। वहीं, मेडिकल डिवाइस पार्क और नई औद्योगिक इकाई के लिए भूमिगत लाइन बिछेगी। इससे उद्योगों में उत्पादन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में यमुना सिटी तेजी से विकसित हो रहा है। यहां वर्तमान में 38 औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन शुरू हो गया है। नोएडा एयरपोर्ट से शहर में देशी-विदेशी कई नई इकाइयां निवेश के लिए तैयार हैं। शहर में 220 केवी के बिजली घर बनकर तैयार हैं, लेकिन सेक्टरों में आपूर्ति के लिए उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है। आवासीय के तौर पर विकसित सेक्टर-18, 20 और 24ए में 30 हजार से ज्यादा आवासीय प्लॉट का आवंटन किया जा चुका है। यहां 1200 से अधिक लोगों को कंप्लीशन दिया जा चुका है। घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए इन सेक्टरों के अलग अलग पॉकेट में विद्युत उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इनमें सेक्टर-18 के पाकेट 5ए व सेक्टर-24ए में 33/11 केवी का उपकेंद्र बनेगा। इसके अलावा सेक्टर-18 के पॉकेज 6ए और 6बी और सेक्टर-20 के पॉकेट- ई में 11/0.415 के उपकेंद्र बनेंगे। उपकेंद्रों के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं।

**उद्योगों के लिए लाइन बिछेगी:** सेक्टर-8 में 200 एकड़ में सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरण तैयार करने वाली कंपनी सील के लिए 11 केवी की टर्नकी आधारित लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा औद्योगिक सेक्टर-32 ईएसएस 05 से सेक्टर-33 तक 11केवी की भूमिगत लाइन भी बिछाई जाएगी, ताकि सेक्टर-33 के 11केवी नेटवर्क को चार्ज किया जा सके। सेक्टर-33 के 33/11 केवी ईएसएस-01 से 02 तक 33 केवी की भूमिगत लाइन बिछेगी। साथ ही सेक्टर के क्षतिग्रस्त खंभे और हाईटेंशन लाइन को बदला जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-24ए स्थित 220 केवी बिजली घर से सेक्टर-22ई स्थित 33 /11 उपकेंद्र तक 33 केवी डबल सर्किट भूमिगत लाइन भी बिछाई जाएगी।

**सड़कें भी जगमग होंगी:** सेक्टर-9 और 32 तथा सेक्टर-10 और 33 के बीच 75 मीटर चौड़ी सड़क के सर्विस रोड पर लाइट लगाई जाएगी। इसके अलावा सेक्टर-28 मेडिकल डिवाइस पार्क की बिल्डिंग नंबर 12 (फूड कोर्ट, बैंक, जिम, जनसुविधा) के लिए आंतरिक विद्युत और फायर फाइटिंग, बीएमएस सिस्टम व बाहरी विद्युतीकरण पंप, अन्य सहायक उपकरण को स्थापित किया जाएगा। इन कार्यों के लिए भी टेंडर जारी किए गए हैं।

**आवासीय सेक्टरों में घरों तक आपूर्ति:** आवासीय सेक्टरों में घरों तक आपूर्ति के लिए विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण होगा, इसके साथ ही उद्योगों तक निर्बाध आपूर्ति के लिए हाईटेंशन लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए टेंडर जारी किए गए हैं। अगले माह तक कंपनी चयनित कर काम शुरू करा दिया जाएगा।

# आपदा से बचाने के लिए ग्रेनो में एनडीआरएफ तैनात होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम अगले कुछ महीनों में ग्रेटर नोएडा में रहना शुरू कर देगी। टीम के जवानों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सेक्टर ओमिक्रोन-1ए की बहुमंजिला ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में फ्लैटों की मरम्मत का काम चल रहा है। जिले में आपदा की स्थिति में जवान जल्द मौके पर पहुंच जाएंगे। ग्रेटर नोएडा बोर्ड ने एनडीआरएफ के लिए सेक्टर ओमीक्रॉन-1ए स्थित बहुमंजिला इमारत लोहिया आवास में 20 एलआईजी और 10 एमआईजी फ्लैट किराये पर देने की अनुमति प्रदान कर दी है। सभी फ्लैट किराये पर दिए जाएंगे। जवानों को जितना एचआरए मिलता है, उतना जमा करना होगा।

इससे आवास की किल्लत दूर होगी। साथ ही आवश्यकता होने पर सामान रखने के लिए भी जमीन उपलब्ध कराई जा सकती है। हालांकि, विभाग की ओर अभी इसकी मांग नहीं की। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि एनडीआरएफ को दिए जाने वाले फ्लैटों की मरम्मत का काम चल रहा है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

